# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

पत्रांक : 3270 / पू.वि.वि. / कु0स0 / 2025

दिनांक : 06 जून, 2025

महत्वपूर्ण / अतिआश्यक

## कार्यालय आदेश

अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल सचिवालय,उत्तर प्रदेश,लखनऊ के पत्र संख्याः–ई 3458 / 32–जी0एस0 / 2025, दिनांक–27 मई, 2025 के माध्यम से दिनांक–21 जून, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम **"Yoga for One Earth, One Health"** के अनुसार **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक–21 जून 2025) पर प्रातः 07. 00 बजे से 08.00 बजे** के मध्य **"एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा"** कार्यक्रम कराकर **विश्व कीर्तिमान** बनाये जाने का निर्देश दिये गये हैं जिसके क्रम में निम्न सूचनायें सभी को अनिवार्य रूप से प्रेषित करना है। मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार उक्त कार्यक्रम कराये जाने हेतु **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।**

1. दिनांक 21 जून, 2025 के कार्यक्रम का महाविद्यालय के लेटर पैड पर कार्यक्रम का प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित व मूहर सहित संक्षिप्त रिपोर्ट, जिसमें प्रतिभागियों की कुल संख्या महिला / पुरूष (शिक्षक / कर्मचारी / छात्र–छात्रायें / अन्य लोग) मुख्य अतिथि, योग प्रशिक्षक का नाम एवं समाचार पत्रों में प्रकाशन इत्यादि का विवरण सम्मिलित हो।
2. संक्षिप्त रिपोर्ट (एम0एस0वर्ड साफ्ट कापी)
3. जीयोटैग फोटो (03 से 05)
4. कार्यक्रम का अधिकतम 30 सेकेन्ड का वीडियों
5. कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों का संलग्न प्रारूप के अनुसार उपस्थिति विवरण की स्कैन कापी (प्राचार्य द्वारा प्रमाणित)
6. समस्त प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रम में सफेद टी–शर्ट / शर्ट पहनना आवश्यक है।

तद्क्रम में उक्त सूचना दिनांक 21 जून, 2025 को सांय 05.00 बजे तक **प्रो0 प्रमोद कुमार यादव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, मो0 नं0 8700141797 के ईमेल आई0डी0– dsw.vbspu@gmail.com पर भेजना सुनिश्चित करें।**

–: प्रारूप निम्नानुसार :–

महाविद्यालय का नाम व मो0नं0:–

| क्रमांक | प्रतिभागियों का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| | | |

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. वित्तअधिकारी / परीक्षा नियन्त्रक ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / शिक्षक / छात्र–छात्रा विश्वविद्यालय परिसर।
3. प्रो0 प्रमोद कुमार यादव (संयोजक, योग दिवस–2025) अधिष्ठाता छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय परिसर।
4. कार्यक्रम समन्वयक, एन0एस0एस0 / जिला कमिश्नर, रोवर्स–रेंजर्स, जौनपुर / गाजीपुर को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने स्तर से कार्यक्रम अधिकारियों से सम्पर्क कर उक्त निर्देश का पालन सुनिश्चित करें।
5. समस्त प्राचार्य / प्रबन्धक सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. उप कुलसचिव (सम्बद्धता) को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने पर्यवेक्षण में समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य से सम्पर्क कर उक्त निर्देश का पालन सुनिश्चित करें।
7. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
9. प्रशासनिक अधिकारी / प्रभारी / कर्मचारी, समस्त अनुभाग।

कुलसचिव